दिनांकः 31.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- **शंघाई सहयोग संगठन–एससीओ** शिखर सम्मेलन आज से चीन के तियानजिन में–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदस्य देशों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।
- प्रधानमंत्री आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में आज सुबह 11 बजे अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बीती रात से अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी।
- राज्य विधानसभा के कल से शुरू होने वाले मॉनसून सत्र से पहले आज मंत्रिमंडल की बैठक।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चीन के तियानजिन में **शंघाई सहयोग संगठन–एससीओ** शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान वे सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। श्री मोदी आज रात सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के लिए आयोजित स्वागत भोज में भी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि एससीओ, आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए एक साझा मंच के रूप में विकसित किया गया है। दो दिन के इस सम्मेलन में बीस से अधिक देशों के शीर्ष नेता और दस अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। चीन पांचवीं बार एससीओ शिखर बैठक आयोजित कर रहा है। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रपति शी जिनपिंग करेंगे। चीन की अध्यक्षता में वर्ष 2025 को एससीओ के सतत् विकास का वर्ष घोषित किया गया है।

000

प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर **मन की बात** कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

000

राज्य में बीती रात अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। भीलवाडा, अजमेर, डबोक, पाली, बीकानेर, फलौदी सहित कई जगह से बारिश के समाचार हैं। डूंगरपुर में जोरदार बारिश का सिलसिला चला। वहीं भरतपुर और जालौर सहित कई जगह रात से शुरू हुआ रिमझिम बरसात का दौर अभी तक जारी है। राजधानी जयपुर और जैसलमेर में दिनभर तेज धूप और उमस का असर रहा। इसके बाद रात को मूसलाधार बारिश हुई। चूरू में भी बीती रात हुई झमाझम बारिश से कई जगह आवागमन बाधित है। उधर, हनुमानगढ़ में पिछले चार दिनों से बरसात का सिलसिला बना हुआ है। हमारी संवाददाता ने बताया कि खेतों में जलभराव से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

..............

सलूम्बर के जावर माइंस क्षेत्र में हुई तेज बरसात से कई जगह जलभराव हो गया और वाहन सड़कों पर बह गये। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

...............

000

पाली जिले के स्काउट गाइड आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में बैंड प्रस्तुति देंगे। जिले के रोवर विशाल और जगदीश को आज होने वाले समारोह में राष्ट्रपति अवॉर्ड सम्मान से नवाजा जाएगा। देशभर के स्कूलों में से उनका चयन इस प्रस्तुति के लिए किया गया है।

000

16वीं राजस्थान विधानसभा का चौथा सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। मॉनसून सत्र से पहले आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई गई है। दोपहर में होने वाली कैबिनेट की बैठक में सत्र के दौरान लाए जाने वाले बिलों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा विधायकों की बैठक होगी।

000

मुख्यमंत्री ने कल ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों से किसानों को पीएम कुसुम योजना के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य के उपभोक्ता अपनी जरूरत पूरी करने के साथ ही अतिरिक्त ऊर्जा से आय भी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और निर्बाध ऊर्जा के लक्ष्यों के लिए समुचित कार्य योजना बनाकर काम किया जाए। श्री शर्मा ने उच्च और तकनीकी विभाग की भी समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग में चल रही भर्तियों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये, जिससे विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के पर्याप्त अवसर मिलें। मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए आधारभूत ढांचा मजबूत करने और तकनीकी सुविधाएं बढ़ाने पर भी जोर दिया।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कल जैसलमेर और बाड़मेर जिले के विभिन्न विभागों विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जैसलमेर कलेक्ट्रट सभागार में हुई इस बैठक में उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन, महिला और बाल विकास तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की योजनाओं और कामों की प्रगति पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जैसलमेर और बाड़मेर देश की धरोहर हैं। इन्हें वैश्विक पहचान दिलाने के लिए पर्यटन इन्फ्रा स्ट्रक्चर को मजबूत करने और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जैसलमेर और बाड़मेर को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री ने सड़कों की मरम्मत के काम को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के प्रवास पर रहेंगे। तीन दिन के इस दौरे में श्री बिरला क्षेत्रवासियों से मुलाकात करेंगे। उनका आज शाम कोटा में खुदरा किराना विक्रेता संघ के प्रदेश के अधिवेशन में शामिल होने का कार्यक्रम है।

000

राजस्थान कारागार विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। 34 अधिकारियों के पदस्थापन और पदोन्नति आदेश जारी किये गये हैं। इससे जेल अधीक्षकों, उप अधीक्षकों और जेलरों को नये पदों पर नियुक्त किया गया है। मोनिका अग्रवाल को जयपुर जेल मुख्यालय का डीआईजी बनाया गया है। वहीं सुमन मालीवाल को जयपुर जेल रेंज का डीआईजी नियुक्त किया गया है।

000

राधाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जैसलमेर में इस उपलक्ष में पांच दिन का धार्मिक अनुष्ठान जारी है। बृज क्षेत्र भरतपुर में भी इस अवसर पर मंदिरों में भजन–कीर्तन के आयोजन हो रहे हैं और भक्तों को पंचामृत वितरित किया जा रहा है।

000